तापमान
अधिकतम 25 .0 डिग्री
न्यूनतम 6 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर 2023

11 एम्स संघर्ष समिति का गणतंत्र दिवस तक अल्टीमेटम, फरवरी में संसद पर प्रदर्शन की चेतावनी



12 डबल फाटक अंडरपास में दिन में भी अंधेरा, शोपीस बनकर रह गई लाइटें



## खबर संक्षेप

### हादसे के बाद कार चालक पर केस दर्ज

**डहीना।** बुड़ौली के निकट हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में महेंद्रगढ़ के तोताहेड़ी निवासी विक्रम ने बताया कि वह बाइक से अपनी बुआ के गांव बुड़ौली जा रहा था। बुड़ौली गांव के करीब पहुंचने पर सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। लोगों ने उसे घायलावस्था में ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### मंदिर का दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी

**डहीना।** जैनाबाद में मंदिर का दानपात्र तोड़कर चोर हजारों रुपये नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सरपंच भावना ने बताया कि गांव के सेढ़ माता मंदिर में दानपात्र रखा हुआ है। लगभग एक साल से दानपात्र खोला नहीं गया है। इसमें लगभग 10 हजार रुपये नकदी होने का अनुमान है। चोर दानपात्र को तोड़कर नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### खेत से किसान का कल्टीवेटर हुआ चोरी

**डहीना।** सीहा में चोर एक किसान के खेत के पास से कल्टीवेटर चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में महीपाल ने बताया कि उसने अपना कल्टीवेटर खेत के पास ही रास्त के किनारे खड़ा हुआ था। रात के समय चोर उसका कल्टीवेटर चोरी कर ले गए। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, परंतु कल्टीवेटर का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### हादसे के बाद कार चालक पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** हांसाका गांव से चोर एक बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि जेई पोपसिंह ने उसे हांसाका गांव से 10 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर जमीन पर गिराकर तेल व क्वाइलें चोरी होने की सूचना दी। इससे बिजली निगम को करीब 45 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। थाना सदर पुलिस ने बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न के मामलों में तीन काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना रोहड़ाई पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर 25 नवंबर को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गुरुग्राम के मोहनपट्टी निवासी कामेश को गिरफ्तार किया है। थाना कसोला पुलिस ने 18 नवंबर को विवाहिता की शिकायत पर दर्ज केस में संगवाड़ी निवासी अशोक व उसके भाई गोपाल को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने 19 नवंबर को हुए हादसे के आरोपी गढ़ी बोलनी चौक निवासी रमेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। 13 नवंबर को हुए हादसे में कोसली पुलिस ने झाड़ौदा निवासी सोनू को गिरफ्तार किया है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित किया गया पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना कसोला पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने बोलनी निवासी विकास उर्फ कालू को अक्टूबर माह में पीओ घोषित किया था। खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी हुए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसे काबू कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### एनएच-11 से जोड़ने के लिए 200 करोड़ की लागत से बनेगा आरओबी, बोले डा. बनवारी लाल

# एम्स के लिए पास होगा कैबिनेट में संशोधित बजट, जनवरी में शिलान्यास की पूरी संभावना

■ कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल की मांग पर सीएम ने जताई सहमति

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी







**रेवाड़ी।** एम्स तक यातायात के लिए फिलहाल इस अंडरपास से है रास्ता, इन रेलवे लाइनों को क्रास करने के लिए बनाया जाएगा आरओबी, एनएच-11 के इस हिस्से से एम्स तक होगा आरओबी का निर्माण। फोटो :हरिभूमि

लोकसभा चुनावों का आगाज होने के साथ ही माजरा में बनने वाले एम्स को लेकर हलचल तेज हो रही हैं। एम्स के लिए केंद्रीय कैबिनेट में संशोधित बजट पास होने के बाद इसके निर्माण का रास्ता साफ होगा। सीएम मनोहरलाल ने कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल की एम्स को रेवाड़ी-जैसलमेर नेशनल हाइवे-11 से जोड़ने के लिए रेलवे ओवरब्रिज की मांग को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस ओवरब्रिज के निर्माण पर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। जनवरी माह में क्षेत्र की जनता को एम्स के शिलान्यास का तोहफ मिलने के पूरे आसार हैं। एम्स शिलान्यास के साथ ही पीएम मोदी एनएच-152डी भी जनता को समर्पित करेंगे। केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2019 में मनेठी में एम्स की स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही 1299 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया था। मनेठी में अरावली की जमीन होने के कारण किसानों की सरकार को जमीन देने की पहल पर यह प्रोजेक्ट माजरा में आ गया। सूत्रों के अनुसार पहले से तैयार किए गए अनुमानित बजट में महंगाई बढ़ने के कारण संशोधन की आवश्यकता है। केंद्र सरकार बजट में 25 फीसदी तक की वृद्धि का बिल जल्द कैबिनेट में पास कर सकती है। इसके बाद एम्स की बिल्डिंग का निर्माण कराने की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाएगा। एम्स की बिल्डिंग का निर्माण कराने के लिए वर्क ऑर्डर जारी करने में हो रही देरी के पीछे बजट में संशोधन करना आड़े आ रहा है। संशोधित बजट को इसी माह स्वीकृति प्रदान किए जाने की पूरी संभावना है। सूत्रों के अनुसार एम्स का शिलान्यास जल्द कराने के लिए सरकार और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व एक्टिव हो गया है। ऐसा माना जा रहा है कि पीएम मोदी एम्स का शिलान्यास जनवरी माह में करेंगे। इसी दिन जयपुर-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे नं. 152-डी को भी जनता को समर्पित किया जाएगा। इस नेशनल हाइवे का दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाइवे से लिंक करने के लिए विस्तार प्रस्तावित है। इस विस्तार को भी उसी दिन हरी झंडी प्रदान की जा सकती है।

#### कैबिनेट मंत्री ने बढ़ाई सक्रियता

बावल विधानसभा क्षेत्र में आने वाले माजरा एम्स का शिलान्यास जल्द कराने के लिए कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने सक्रियता बढ़ा दी है। डा. बनवारीलाल सीएम मनोहरलाल से तालमेल बैठाकर एम्स निर्माण से संबंधित औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूरा कराने की दिशा में प्रयास तेज कर चुके हैं। इससे पूर्व वह एम्स के लिए किसानों देने के लिए माजरा के किसानों को तैयार करने में भी बड़ी भूमिका अदा कर चुके हैं। माजरा में एम्स का प्रोजेक्ट सिरे चढ़ाने का क्रेडिट भी सीधे तौर पर डा. बनवारीलाल और प्रदेश सरकार को मिलना तय है।

#### आरओबी का निर्माण सबसे जरूरी

एनएच-11 से एम्स तक पहुंचने के लिए अभी रेलवे अंडरपास बने हुए हैं। वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए एम्स जैसे बड़े प्रोजेक्ट के लिए रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जरूरी है। एम्स के पास से ही रेवाड़ी-रिंगस रेलवे लाइन और डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर की रेल लाइनें गुजरती हैं। इन लाइनों पर ओवरब्रिज बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी बीएंडआर ने लगभग 200 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया था। कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने आरओबी के निर्माण की मांग सीएम मनोहरलाल के समक्ष रखी थी, जिसे सीएम ने शनिवार को स्वीकृति प्रदान कर दी।

#### आरओबी का निर्माण ज्यादा जरूरी



*एम्स को एनएच-11 से जोड़ने के लिए आरओबी का निर्माण सबसे जरूरी है। उन्होंने सीएम के समक्ष यह मांग रखी थी, जिस पर उन्होंने स्वीकृति प्रदान कर दी है। बड़ा प्रोजेक्ट होने के कारण निर्माणकार्य शुरू होने में देरी हुई है, परंतु नए साल के शुरू में क्षेत्र की जनता को एक नायाब तोहफा मिलना निश्चित हो गया है।*

*-डा. बनवारीलाल, कैबिनेट मंत्री।*

#### रास्ते का समाधान कराने पर जोर

एम्स के लिए सरकार की ओर से खरीदी गई जमीन के बीच से ही खेतों में जाने का रास्ता है। इस रास्ते को बदलने के लिए खंड विकास एवं पंचायत विभाग की ओर से वैकल्पिक मार्ग बनाने पर तेजी से काम चल रहा है। एम्स की चारदीवारी का निर्माणकार्य शुरू हो चुका है। बिजली के पोल निगम की ओर से एम्स की जमीन से हटाए जा चुके हैं। जिन किसानों के बिजली कनेक्शन ट्रांसफर करने शेष हैं, उन्हें भी जल्द ट्रांसफर करने की दिशा में काम चल रहा है। एम्स का निर्माण शुरू कराने की प्रक्रिया में आने वाले कुछ दिनों में तेजी देखने को मिलेगी।

## प्रॉपर्टी धारकों को 31 तक टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक नगर परिषद कार्यालय हेल्प डेस्क पर या स्वयं अपनी संपत्ति को सत्यापित कराता है तो सरकार की ओर से उन सभी प्रॉपर्टी धारकों को वर्ष 2023-24 के टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। 31 दिसंबर तक प्रॉपर्टी धारक इस योजना का लाभ ले सकते हैं। डीएमसी उदय सिंह ने बताया कि जिन प्रॉपर्टी धारकों का वर्ष 2010-11 से वर्ष 2022-23 तक का बकाया कर एक मुश्त जमा करने पर उसे 15 प्रतिशत का लाभ मिलेगा तथा 100 प्रतिशत ब्याज माफ किया जाएगा।

## अधिकारियों व कर्मचारियों का व्यवहारिक परिवर्तन कर कर्मयोगी बना रहा शिक्षा विभाग

■ आज से बावल ब्लॉक के राजकीय उच्च विद्यालय सुठाना में दो बैच व मंगलवार को खोल ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भालखी माजरा में शुरू किए जाएंगे बैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





**रेवाड़ी।** डाइट में संबोधित करते प्राचार्य सुभाष चन्द्र, डाइट में जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

मिशन कर्मयोगी हरियाणा सरकार का राज्य सरकार के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यवहारिक परिवर्तन के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक पहल है। मुख्य सचिव संजीव कौशल की ओर से मिशन कर्मयोगी हरियाणा (एमकेएच) कार्यक्रम लॉन्च किया गया था। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों में नैतिक व्यवहार, मूल्यों और सिद्धांतों के महत्व पर जोर दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए प्राचार्य सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में रविवार को डाइट हुसैनपुर परिसर में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) से प्रशिक्षण प्राप्त सभी 25 मास्टर ट्रेनरों की जिला नोडल अधिकारी किरण यादव की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य ने कहा कि बदलते परिवेश और तकनीकी सुधार के बीच प्रदेश सरकार अपने कर्मचारियों व अधिकारियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उनकी भूमिकाओं को पूरा करने में दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाना है। उन्होंने अधिकारियों को बदलते परिवेश के साथ तालमेल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मिशन कर्मयोगी योजना का लक्ष्य भविष्य के लिए लोकसेवकों को अधिक रचनात्मक, कल्पनाशील, सक्रिय, पेशेवर, प्रगतिशील, ऊर्जावान, सक्षम, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी सक्षम बनाकर तैयार करना है। प्राचार्य ने कहा कि कर्मचारी ड्यूटी के प्रति जवाबदेही, ईमानदारी व नैतिक मूल्यों के साथ अपने कृतत्व का निर्वाह करें।

#### यह रहेगा कार्यक्रम का शेड्यूल

ट्रेनिंग विंग के प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक डा. बीर सिंह ने बताया कि प्रथम श्रेणी से तृतीय श्रेणी तक के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के 35-35 के बैच बनाकर सभी ब्लॉकों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। सोमवार से बावल ब्लॉक के राजकीय उच्च विद्यालय सुठाना में दो बैच व मंगलवार को दो बैच खोल ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भालखी माजरा में शुरू किए जाएंगे। रेवाड़ी व जाटूसाना ब्लॉक में इस कार्यक्रम की शुरूआत पहले ही हो चुकी है। नाहड़ ब्लॉक में शीघ्र ही कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस मौके पर संस्थान की ओर से वरिष्ठ प्राध्यापक डा. विजय कुमार, डा. मंजू बाला, प्राध्यापक दीपक कुमार, डा. संगीता, रितु यादव व धर्मेंद्र उपस्थित थे।

## ईंट भट्टे पर पानी की टंकी फटने से गर्भवती महिला व लड़की की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

नाहड़ खंड के गांव कृष्ण नगर में रविवार को ईंट भट्टे पर धमाके के साथ पानी की टंकी फट गई, जिससे दो मजदूरों की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्तपाल के शवगृह में रखवाया है। पुलिस ने भट्ठा मालिक पर केस भी दर्ज कर लिया है। गांव में बीएस भट्ठा के नाम से कृष्ण नगर का विनोद भट्ठा चला रहा है, जहां बिहार के रहने वाले दौलत व उसकी पत्नी अपने साथियों के साथ काम करने के लिए दिपावली से पहले आए थे। रविवार सुबह आसाम निवासी 17 वर्षीय रशीदा खातुन भट्टे पर बनी सीमेंट ईंट की पानी टंकी पर पानी भर रही थी कि जोरदार धमाके के साथ पानी कि टंकी फट गई, जिससे 25 वर्षीय गर्भवती महिला किरण व रशीदा खातून की टंकी के मलबे के नीचे दब गई। धमाका इतना भयंकर था कि आवाज सुनकर सभी प्रवासी मजदूर भाग खड़े हुए। हादसे में मलबे में दबी विवाहित व लड़की को निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों ने ही रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद में नाहड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शवों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू की है। हादसे में दो



रेवाड़ी। भट्ठे पर टूटी हुई पानी की टंकी, हादसे के बाद बैठी महिलाएं। फोटो :हरिभ

मजदूर परिवारों में मौत के बाद करीब तीन दर्जन परिवार के लोग सदमे में हैं। उनका कहना है कि यहां पर न कोई सुरक्षा है और न ही कोई व्यवस्था है। मृतका रशीदा खातून कि मां नूरजा खातून ने बताया कि वह आसाम राज्य के चिराग जिला के गांव जयपुर के रहने वाले हैं। भट्ठे पर अपने पति अब्दुल रशीद व पांच बच्चों के साथ मेहनत मजदूरी करने के लिए 20 दिन पहले ही आए थे। उनकी पांच बच्चों में सबसे बड़ी बेटी रशीदा पानी भरने के लिए पानी टंकी पर गई थी। टंकी की खराब स्थिति को लेकर भट्ठा मालिक को पहले ही बताया जा चुका था, लेकिन उनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ है। मृतका किरण के बिहार निवासी पति दौलत ने बताया कि उनकी पत्नी गर्भवती थी तथा एक तीन वर्षीय लड़की से मां का साया छिन गया है। कोसली थाना प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि घटना के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रखा गया हैं और भट्ठा मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

#### खाद्य आपूर्ति विभाग पर खडे हुए सवाल

खाद्य आपूर्ति विभाग की भट्ठों की देखरेखकी जिम्मेदारी है। इस हादसे के बाद यह बात साफ हो जाती है इसमें विभाग की भी लापरवाही है। भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि उन्हें भट्ठा मालिक मजदूरी के लिए लाते समय सभी सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन देते हैं, लेकिन भट्ठों पर कोई सुरक्षा व सुविधा नहीं है।

## सैनिक स्कूल का छात्र नितिन बना फ्लाइंग ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सैनिक स्कूल के छात्र नितिन कुमार ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर पद प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 17 दिसंबर को वायुसेना अकादमी में संपन्न हुई पासिंग आउट परेड के पश्चात नितिन भारतीय वायुसेना का अभिन्न अंग बने। विद्यालय प्राचार्य ग्रुप कैप्टन आर के यादव ने कैडेट को शुभकामनाएं देते हुए इसे विद्यालय व क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवान्वित क्षण बताया। उप प्राचार्या विंग कमांडर सुनैना चाहार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य कैडेट्स का सर्वांगीण विकास कर देश को परिपक्व सैन्य अधिकारी प्रदान करना है। विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी मेजर अविनाश कुमार ने कहा कि देश को सुयोग्य नागरिक व सैन्य अधिकारी प्रदान करने के लिए विद्यालय प्रतिबद्ध है। नितिन कुमार ने चार वर्ष के इस प्रशिक्षण काल में विद्यालय की ओर से प्रदत प्रशिक्षण व अनुभव को मददगार बताया।

### कल से छा सकते हैं आसमान में आंशिक बादल, बरसात की अभी कोई संभावना नहीं

# तापमान में तीसरे दिन मामूली वृद्धि, एक्यूआई में भी काफी सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** एक खेत में लहलहाती सरसों की फसल। फोटो :हरिभूमि

दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े में भी मौसम में खास बदलाव नहीं आया है। तापमान में मामूली वृद्धि होने के साथ एक्यूआई में काफी सुधार हुआ है, जिससे प्रदूषण की समस्या कम हो गई है। 19 दिसंबर से आसमान में आंशिक बादल छाने की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद घना कोहरा और ठंड अपना असर दिखाएंगे। फसलों के लिए मौसम पूरी तरह अनुकूल माना जा रहा है। बरसात के जल्द आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। हल्का कोहरा छाया रहा, जो सूर्योदय के साथ ही साफ हो गया। इससे वाहनों के परिचालन पर खास असर नहीं पड़ा। सुबह से शाम तक तेज धूप ने सर्दी से राहत दिलाए रखी। दोपहर के समय मौसम का मिजाज गर्म बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 25 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस की मामूली वद्धि के साथ 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गत वर्ष की तुलना की जाए तो इसी दिन पिछले साल अधिकतम तापमान 25.4 और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। साल के अंत में अभी तक कड़ाके की ठंड शुरू नहीं हो पाई है। तेज धूप निकलने के कारण दिन के समय मौसम गर्म बना रहता है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं।

तीन-चार दिन तक आसमान में बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन बादलों के बीच बरसात की संभावना नहीं है। बादल छाने के बाद दिन के समय भी कड़ाके की ठंड कंपकंपी छुड़ाना शुरू कर देगी। साथ ही कोहरे का प्रकोप तेजी से बढ़ेगा, जो रेल व सड़क यातायात को प्रभावित कर सकता है।

#### एक्यूआई में आने लगा सुधार

मौसम साफ रहने और तेज धूप खिलने के कारण प्रदूषण कारक तत्व वायुमंडल में ऊपर तक जा रहे हैं। इससे प्रदूषण के स्तर में सुधार आया है। रविवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई कम होकर 180 पर आ गया, जबकि भिवाड़ी के एक्यूआई में भी काफी कमी आई। धूल उड़ाने वाली सड़कों पर लगातार पानी का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि एक्यूआई नियंत्रण में रह सके। ठंड बढ़ने के बाद एक्यूआई भी तेजी से बढ़ने की आशंका है।

#### मौसम फसलों के लिए अनुकूल

इस समय मौसम रबी की फसलों के लिए काफी अनुकूल माना जा रहा है। अगर दिसंबर माह के अंत तक बरसात होती है, तो सरसों और गेहूं का अच्छा उत्पादन होने में मददगार साबित हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि किसानों को इस समय गेहूं की सिंचाई पर ज्यादा जोर देना चाहिए। ठंड बढ़ने पर पाला पड़ने की स्थिति में दोनों फसलों की हल्की सिंचाई नियमित रूप से करनी होगी, ताकि अगेती सरसों को पाले के नुकसान से बचाया जा सके।



## शरद पूर्णिमा पर उमड़ती है भारी भीड़

झज्जर के दूबलधन माजरा–डी में स्थित जटेला धाम में हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर आयूर्वेदिक जड़ी बूटियों से तैयार की गई खीर का भंडारा लगाया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वैसे तो यहां हर रोज भंडारा चलता रहा है। लेकिन शरद पूर्णिमा के भंडारे का खास महत्व है। बताया जा रहा है कि यहां नजले, दमे, एलर्जी की बीमारी वाले लगभग एक लाख से अधिक लोग इस आश्रम द्वारा तैयार विशेष जड़ी बूटियों से तैयार खीर खाकर ठीक हो चुके हैं।



# संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि जटेला धाम

*18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द जी महाराज ने समाज सुधार और भक्ति काव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में भी विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में कई बर्षों तक तपस्या की।*



गुरु महाराज की गद्दी जहां बैठकर विश्राम करते थे

आस्था | विनोद कौशिक

झज्जर के गांव दूबधन माजरा में साहित्य व अध्यात्म के केंद्र जटेला धाम में संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि पर हर रविवार आस्था का सैलाब उमड़ता है। जटेलाधाम में आज से करीब 220 वर्ष पूर्व उस दिव्य महापुरुष (स्वामी नितानन्द) ने अपनी दिव्य अप्रकृत लीला का विस्तरण कर नर नारियों की हृदयभूमि को प्रेम से आप्लावित किया। स्वामी नितानन्द सन 1799 ई. को हमारे चक्षुओं से ओझल जरूर हो गए, परन्तु उनकी परम चेतना और उनका मार्ग दर्शन उनके शरणागतों को आज भी होता रहता है। आज उनकी लीला भूमि अर्थात उनकी तपोभूमि के द्वार हर जीव मात्र के लिए खुले हैं। 18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द ने समाज सुधार और भक्ति कायव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में तपस्या की। जटेला धाम के महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक जाल के वृक्ष के नीचे तपस्या की। तपस्या के दौरान उनके निर्मल मन से उनके मुख से जो वाणी निकली वही काव्य शास्त्र बन गया। इनके काव्य को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में भी पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है। बताते हैं कि स्वामी अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा के अनुसार यहां जटेला की पावन धरा में तप करने आए थे।

**तपस्या**

**दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक तपस्या की थी।**

**रिसर्च**

**स्वामी जी के काव्य को कुरुक्षेत्र विवि व महर्षि दयानंद विवि रोहतक में पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है।**

### यह भी मान्यता

जटेला धाम में यह भी मान्यता है कि यहां नितानन्द जी महाराज ने लोगों के कष्टों का निवारण किया। जब स्वामी जी गांव वालों को प्रवचन देते थे तो यही कहते थे कि जब इस शरीर रूपी काया का इस संसार से त्याग होगा तो मेरे शरीर को यहीं जंगल में इसी पेड़ के नीचे रख देना, ताकि यहां पशु-पक्षी जंगली जानवर अपना पेट भर सकें।



### ये कथा प्रचलित

यहां यह कथा भी प्रचलित है कि जब स्वामी जी का मानव रूपी शरीर पूरा हुआ तो लोगों ने उनके कहे अनुसार उनके शरीर को वहां स्थित एक जाल के पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इसके बाद वे वहीं से सहशरीर वैकुंठ धाम को चले गए। बताया जाता है कि उसी स्थान पर कुछ दूरी पर महाराज जी की चरण पादुकाएं और बर्तन मिले। तभी से उस जाल के पेड़ के नीचे महाराज जी की अखंड ज्योत और पाठ करने की परंपरा आरंभ हो गई। वहां यदि सच्चे मन से कोई फरियादी अपनी फरियाद लेकर जाता है तो स्वामी जी की दया से उसकी सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं।



जटेला धाम में उमड़ी भीड़।

### होता है बीमारियों का इलाज

यह धाम झज्जर और चरखी दादरी शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरी के पास गांव दूबलधन माजरा–डी में स्थित है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने देशी एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों पर शोध किया है और शोध के बाद अनेक जटिल बीमारियों के इलाज भी किया है। महंत राजेंद्र दास कैंसर, किडनी, अस्थमा, दमा, नजला, जुकाम, खांसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, पीलिया, टाइफाइड सहित अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज देशी जड़ी बूटियों से करते हैं। यहां अब तक लाखों लोग ठीक हो चुके हैं।

### 300 साल पुराना जाल का पेड़

आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि जिस जाल के पेड़ के नीचे बैठकर स्वामी जी महाराज ने तपस्या की थी वह करीब 300 साल पुराना जाल का पेड़ आज भी यहां मौजूद है। इस पेड़ को संरक्षित किया गया है। इसे लोहे पाइपों से सहारा देकर क्षतिग्रस्त होने से बचाया गया है। इस पेड़ पर कई शोध भी हो चुके हैं। इसके अलावा आश्रम में 100 से 150 साल पुराने जाल के और भी पेड़ मौजूद हैं। वहीं बड़ और पीपल के भी बहुत पुराने पेड़ आश्रम में मौजूद हैं।

### हर रविवार को देते हैं दवाइयां

महंत राजेंद्र दास यहां हर रविवार को प्रवचन करते हैं और लोगों को दवाइयां भी देते हैं। यहां नशा छुड़वाने के लिए भी दवाई दी जाती है। हर रविवार को हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा आश्रम में ध्यान शिविर भी लगाया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। यहां आने वालों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था आश्रम की तरफ से ही की जाती है। ध्यान शिविर हर रविवार को होता है, जबकि साल में एक बार तीन दिन के लिए शिविर लगता है।

### मिलती है मन की शांति

जटेला धाम समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। आश्रम में पहुंचे लोगों ने कहा कि वह यहां से दवाइयां लेकर जाते हैं, जिससे उन्हें काफी आराम मिला है। यह एक तपोभूमि है। यहां आकर लोगों को इलाज के साथ-साथ मन की शांति प्राप्त होती है।



जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास जी महाराज।

### पर्यावरण के लिए भी कर रहे काम एक लाख त्रिवेणी लगाने का लक्ष्य

महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पूरे प्रांत में त्रिवेणी(बड़, नीम व पीपल) लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक, फरीदाबाद व पानीपत समेत कई जिलों में करीब 15 हजार त्रिवेणी लगाई जा चुकी हैं। वहीं, अब प्रदेश में पंचवटी (बड़, पीपल, बेल, आवला और अशोक) लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### यह भी कार्यक्रम

जटेला धाम पर साल में एक बार स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाता है। हर साल होली के बाद दुल्हेंडी और भदो शुदिएकम पर आश्रम में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन मौकों पर यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। यहां भंडारा देने के लिए भी लंबी लाइन रहती है।

### कई बड़ी हस्तियां कर चुकी आश्रम का दौरा

इस आश्रम में देश की बड़ी हस्तियों का तांता लगा रहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, एम्स के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया, पूर्व में शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर, कृषि मंत्री जेपी दलाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, अयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य नेता रामविलास वेदांती समेत कई बड़े दिग्गजों ने इस आश्रम का दौरा किया है और जटेला धाम द्वारा लोगों को दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की है।



जटेला धाम में इसी जाल के वृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी नितानन्द जी महाराज ने कई वर्षों तक तपस्या की थी।

---

कविता | सीमा रंगा इन्द्रा



### नासमझ बेटा

मात- पिता की बात मान लो, नही पड़े दुख सहना,
समझा- समझा हार गए क्यों, नहीं मानते कहना,
कहने बैठो गर कुछ इनको, कहे नासमझ हमको,
भूल रहे जीवन से शिक्षा, दूर करे है तमको।

इनकी बातें बड़ी निराली, चकित सभी को करती,
सुने नहीं है बात बड़ों की ,देख इन्हें माँ डरती,
जुबां चलाएं सबके आगे ,करते हैं मनमानी,
घर में अपना रौब जमा कर,करते है नादानी।

दो आखर को पढ़ कर समझे, खुद को बेशक ज्ञानी।
पड़ जाए जो बोझ उठाना, याद करे वो नानी,
फिर मत कहना नहीं समझ थी, हमें नहीं समझाया,
निकल गया जो समय हाथ से, लौट कहो कब आया।

बन जायेगा जीवन तेरा, सुनो ध्यान धर बातें,
तेरे ही सुख खातिर जागे, हैं हम कितनी रातें,
केवल सच ही जीवन नैया पार करेगा तेरी,
इसीलिए बेटा बातों पर, अमल करो बिन देरी

कविता | डॉ. अशोक कुमार वर्मा



### यह पैसा बुरी बीमारी

यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे।
जब तक न हो खत्म मन बावला करे।
क्या नया खरीदूं कैसे इसे उड़ाऊँ।


जितना अधिक रुपया उतना संकट भारी।
दिन में नहीं चैन बन्दा कूदता फिरे।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन मिले जिस दिन मैं शीघ्र ठिकाने लगाऊ।
जब तक न हो ख़त्म न चैन से बैठ पाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

जब तक रहे पास न कुछ और सोच पाऊँ।
जिस जिस की है उधारी मैं शीघ्र चुकाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन जब हो जाए खत्म तब उधारी उठाऊँ।
25 दिन महीने के बड़ी शांति से बिताऊं।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे.....

कविता | गरिमा



### विद्यार्थी और शिक्षक


एक इंसान शिक्षा देने वाला, बच्चों का रखवाला
नारियल जैसा चरित्र,मन गंगा सा पवित्र
असंख्य बच्चे उसकी पहचान, बच्चे ही उसकी जान
जुड़ जाता है दिल, बच्चों से इस तरह
दोस्त, माँ, भाई, बहन का इस तरह
ज्ञान की धारा कुछ ऐसे बहती है
मेरे विद्यार्थी सफल हो, उसकी हर धड़कन कहती है।
जीवन के किसी मोड़ पर, समय ऐसा आता है, फुल जैसे नाजुक बच्चों को छोड़ना पड़ जाता है।
पर दिल का रिश्ता मानो और भी गुड बनता जाता है।
प्यारे सभी बच्चे शिक्षक की जान होते हैं।
उसके दिल की धड़कन और माथे का अभिमान होते हैं।
विद्यार्थी से बच्चे और बच्चों से संसार है।
बस कुछ ऐसा खट्टा-मीठा, सुंदर - शुद्ध
विद्यार्थी-शिक्षक का प्यार है

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**ऐतिहासिक** | पुरातत्व विभाग से लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने इन ऐतिहासिक इमारतों की ओर नहीं दिया कभी ध्यान

# अरावली पर्वत पर 1300 ई. में बना कोटला किला बदहाल



**ऊंचाई**

**हजारों फुट ऊंचाई पर करवाया किले का निर्माण**

**निगरानी**

**चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई**

**हिफाजत**

**हिफाजत के लिए शाम ढलते ही कर देते थे दरवाजे बंद**

अनदेखी | कासिम खान

मेवात जिले के कोटला गांव में अरावली पर्वत की चोटी पर करीब 1300 ईस्वी में नवाब नाहर खान ने दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए हजारों फुट ऊंचाई पर किले का निर्माण कराया। किले के चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई। सुरंग से लेकर घुड़साल और तालाब भी बनवाया गया था। घोड़ों को तिजारा राजस्थान की तरफ से किले तक पहुँचाया जाता था। कोटला गांव के चारों तरफ बड़ी चौड़ी और ऊँची दीवार थी। दुश्मनों से हिफाजत के लिए शाम ढलते ही दो दरवाजे थे, जिन्हें बंद कर दिया जाता था। किले के ठीक समीप से सदियों से पानी झरने बहते हैं। झरने के पानी से महिलाएं कपड़े धोती हैं, साथ ही पशुओं को भी लोग पानी पिलाते हैं। कई सौ फुट ऊंचाई से झरने का पानी गिरता है, जो कुदरत का बेजोड़ नमूना है। इस मुकाम और ऊंचाई पर बने कोटला किले का जायजा लेने के लिए हमारी टीम ने जान जोखिम में डाल कर उबड़ -खाबड़ पहाड़ के रास्ते को पार करते हुए किले तक का सफर तय किया। बताया जाता है की कोटला की राजधानी को तहस-नहस करने के लिए राजाओं हमले, शायद उसी का नतीजा है की अरावली की चोटी पर इस किले का निर्माण नवाब नाहर खान ने किया। नाहर खान वंशज शहीद राजा हसन खान मेवाती थे, जिनके नाम पर आज मेडिकल कालेज का नामकरण सूबे की सरकार कर चुकी है। हसन खान मेवाती ने राणा सांघा और बाबर के बीच जो युद्ध हुआ था, उसमें हसन खान मेवाती ने बाबर का नहीं बल्कि राणा सांघा का साथ दिया था। उस वीर शहीद को आज भी लोग मेवात में याद करते हुए सीना चौड़ा कर लेते हैं।



वतनपरस्ती के साथ-साथ हिन्दू -मुस्लिम भाई चारे को उस समय भी हसन खान मेवाती ने बढ़ाया था। इसके अलावा 1300 ईस्वी में ही फिरोजशाह तुगलक के वंशज ने बड़े विशालकाय पत्थरों से मस्जिद का निर्माण कराया।

### जीर्णोद्धार की जरुरत

इसके निर्माण में गारे–मसाले का कम ही प्रयोग हुआ। इन ऐतिहासिक इमारतों की पुरातत्व विभाग लेकर केंद्र व सूबे सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया। किला बदहाल होता जा रहा है। किले में एक गुफा है, जिसकी गहराई आज तक कोई नहीं माप पाया। लोग बताते हैं कि गुफा फिरोजपुर झिरका में जाकर निकली थी, ऐसा भी तब हुआ जब गाय को ढूढ़ने के लिए लोग गुफा में उतरे थे। दीये के लिए सवा मन सरसों का तेल लेकर गए थे,लेकिन गाय नहीं मिली। वे फिरोजपुर झिरका में जाकर निकले। इसके जीर्णोद्धार की जरुरत है। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनके बारे में जान सकें।

---

# नए जमाने के म्यूजिक में लुप्त हो रही सारंगी की धुनें

◆ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लोगों को करवा रहे संस्कृति से रूबरू ◆ पांचवी पीढ़ी विद्या को बढ़ा रही आगे ◆ सरकार से प्रोत्साहन मिलने की जरूरत

कलाकार | तरुण वधवा

नए जमाने के म्यूजिक में सारंगी की धुनें लगभग लुप्त हो रही हैं। आज की पीढ़ी अपने इस शास्त्रीय संगीत के वाद्य को भूलने लगी है। सारंगी शास्त्रीय संगीत का एक वाद्य यंत्र है। यह एक खोखली लकड़ी के लंबे डिब्बे जैसी होती है, जिस पर चमड़े की परत चढ़ी होती है। इसमें सिर्फ तीन तार होते हैं। इसे एक बो की मदद से बजाया जाता है जिसे गज कहते हैं। पुराने जमाने में घुमक्कड़ जातियां सारंगी बजाया करती थीं। पहले इसे सारिंदा नाम से भी जाना जाता था। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गांव खरल जिला जींद निवासी सारंगी वादक प्रेम चंद अपनी टीम के साथ आए हैं। उनकी टीम में हरिकेश लांबा, सतबीर, कृष्ण कुमार, राजेंद्र, इंद्र व उदयभान शामिल हैं। ये सारंगी वादक सारंगी की तार से निकलने वाली मीठी-मीठी धुनों से महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। सारंगी वादक प्रेम सिंह बताते है कि यह उनकी पांचवी पीढ़ी है जो इस विद्या को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब अगली पीढ़ी इस विद्या में आना नहीं चाहती है क्योंकि इससे परिवार का गुजारा नहीं चलता, जिस कारण यह विद्या अब लुप्त होती जा रही है।

प्रेम सिंह का कहना है कि अब साल में 10 से 12 कार्यक्रमों में ही काम मिलता है। इसके अलावा वे साल भर खाली घर पर रहते हैं। इस विद्या से अब घर का खर्च नहीं चलता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार ऐसी विद्या को बचाने के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित करे। उनके लिए गुजारा भत्ता शुरू किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ-साथ इस विद्या को जिंदा रख सके।





### स्कूलों में दी जाए शिक्षा

65 वर्षीय प्रेम सिंह का कहना है कि सारंगी विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में इसकी शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी का रुझान इस ओर बढ़े। उन्होंने बताया कि इस विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में गुरु-शिष्य परपंरा शुरू की जा सकती है। इसके तहत 6 महीने का कोर्स करने के बाद विद्यार्थियों को वजीफा के तौर पर सर्टिफिकेट व नकद राशि देकर सम्मानित किया जा सकता है। इससे आने वाली पीढ़ी का रुझान अवश्य ही बढ़ेगा।

### ऐसे बढ़ी रुचि

सारंगी विद्या में रुचि बढ़ने बारे प्रेम सिंह बताते हैं कि उनके पिताजी सारंगी बजाते थे तो उनके साथ-साथ जाकर उन्हें भी सारंगी का शौक चढ़ गया। उनके पास कोई पुश्तैनी जमीन या अन्य कोई कार्य नहीं था, इसलिए उन्होंने सारंगी को ही अपना कार्यक्षेत्र चुना।

प्रेम सिंह बताते हैं कि पहले जमाने में लोग सारंगी की लोग कद्र करते थे। सारंगी की धुनों को शांति से सुनते थे, लेकिन आज के युवा सारंगी की धुन को सुनना पसंद नही करते हैं। प्रेम सिंह बताते हैं कि जब वे 10 वर्ष के थे तो उनके पिताजी कहीं गए हुए थे और सारंगी घर पर दीवार के ऊपर टंगी हुई थी। उन्होंने सारंगी को दीवार से उतारकर बजाना शुरू कर दिया। जब उनके पिताजी आए तो उन्होंने देखा कि यह तो अपने आप ही सारंगी बजा रहा है। तब उनके पिताजी ने उनको सारंगी बजाना सिखाया। प्रेम सिंह ने बताया कि सारंगी के साथ गाया जाने वाला भजन भी उनका है, साज और ताल भी उनकी खुद की है। प्रेम सिंह बताते है कि हीर रांझे की आवाज से पशुओं की बीमारी दूर होती है। जिस किसी भी गांव में पशुओं की महामारी फैलती है तो वहां पर जोगी बुलाए जाते है। रांझे जिस भी गांव में जाते हैं वह पशुओं का इलाज रात के अंधेरे में करते हैं। रात में सारंगी की तान छिड़ती है तो रांझे के स्वर गूंजते हैं। जहां तक आवाज जाती है पशु भी एकटक खड़े हो जाते हैं मानो वह इस संगीत को सुन रहे हों। ग्रामीणों का मानना है जहां तक भी यह आवाज जाएगी, कोई भी टोना-टोटका या बीमारी असर नहीं करेगी।

एक बार गांव में डेरा जमाने के बाद यह तब तक गांव में बसेरा करते हैं, जब तक पशु ठीक नहीं हो जाएं। इस दौरान रहने तथा खाने-पीने की व्यवस्था ग्रामीण ही करते हैं। पशुओं के ठीक होते ही यह दूसरे गांव के लिए रवाना हो जाते हैं।

### सारंगी की तान का कोई मोल नहीं

रांझे की सारंगी के निकली तान का कोई मोल नहीं है। वह कहते हैं अगर इसकी कीमत लगाई तो यह बेअसर हो जाएगा। जिस गांव में जाते हैं, उस गांव के लोग खुद ही अपनी इच्छा से उन्हें सामान देते हैं। कोई कपड़े देता है तो कोई अनाज। रांझे से सारंगी से इलाज के संबंध में पूछने पर वह कहते हैं यह तो हमे नहीं पता, क्योंकि हमें यह गीत एवं तान विरासत में मिली है, लेकिन जिस तरह से तनाव में आने पर आदमी जब संगीत सुनता है तो उसका तनाव दूर होता है। अगर मन खुश रहता है तो फिर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे बीमारियां दूर रहती हैं इसी तरह से हम पशुओं के लिए गाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों को लेकर योजना बनाई

रेवाड़ी। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में करीब 18 स्थानों पर रामभक्तों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले में होने वाले कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। कार्य के लिए नगर को 22 भागों व उप भागों में विभाजित किया गया है। 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक राम भक्तों की टोलियां हर घर पर पहुंचेगी। राम भक्त अयोध्या का निमंत्रण देने के साथ 22 जनवरी को सभी मंदिरों में कम से कम 5 दीपक जलाने व कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। शहर में अंबे मन्दिर कृष्ण नगर, हनुमान मंदिर टीपी स्कीम, शिव मंदिर ब्रह्मगढ़, जैन स्थानम शुकरपुरा, शिव मंदिर आजाद चौक, राधाकृष्ण मन्दिर मॉडल टाउन, सोलहराई मंदिर, हनुमान मंदिर उत्तम नगर बैठक आयोजित की गई।

### जिले के 76 मंडलों में बैठक सम्पन्न

रेवाड़ी। राम मंदिर अभियान जिला संयोजक राजकुमार यादव ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से रामकाज आगे बढ़ रहा है। श्रीराम मंदिर अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम जिले के लगभग सभी मंदिरों व देव स्थानों पर आयोजित हो, इसके रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। रविवार को जिले के 76 मंडलों में बैठक सम्पन्न हो चुकी है, जिसमें लगभग 2500 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

## एम्स के शिलान्यास, ओपीडी व क्लास शुरू करने की मांग पर जनपंचायत

# एम्स संघर्ष समिति का गणतंत्र दिवस तक अल्टीमेटम

### राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों से भी पहुंची जनपंचायत में भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

माजरा में एम्स के जल्द शिलान्यास, एम्स की ओपीडी व कक्षाएं शुरू कराने की मांग को लेकर रविवार को मनेठी में एम्स संघर्ष समिति की ओर बुलाई गई जनपंचायत में क्षेत्र के साथ-साथ बड़ी संख्या में राजस्थान के सीमावर्ती गांवों से भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ से उत्साहित समिति के पदाधिकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर 26 जनवरी तक एम्स का शिलान्यास व दूसरी मांगें पूरी नहीं हुई, तो जनसमर्थन के सहयोग से फरवरी माह में संसद पर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन की डेट जनवरी माह में एम्स पर सरकार का रुख देखने के बाद तय की जाएगी।

समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच श्योताज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनपंचायत में वक्ताओं ने एम्स निर्माण शुरू कराने में की जा रही देरी के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए इसकी आलोचना की गई। एम्स संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहे आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। जन पंचायत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि एम्स निर्माण में सरकार चुनावी स्वार्थ में ढिलाई बरत रही है। जन पंचायत ने 26 जनवरी तक सरकार को समय सीमा दी है कि एम्स निर्माण शुरू कर दे, ओपीडी आरंभ करे, एमबीबीएस की क्लास चालू कर दे अन्यथा फरवरी 2024 में संसद पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जन पंचायत स्थल से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रधानमंत्री को ईमेल करके तुरंत शिलान्यास करने और इसका निर्माण शुरू कराने की मांग उठाई है। मंच संचालन कार्यकारी अध्यक्ष बाबू कैलाश चंद व समिति के सचिव ओमप्रकाश सैन ने किया। समिति के प्रवक्ता का. राजेंद्र सिंह ने एम्स निर्माण के लिए लोगों की एकजुटता पर क्षेत्र के लोगों का आभार जताया।



रेवाड़ी। एम्स निर्माण को लेकर महापंचायत में मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### फरवरी में संसद पर प्रदर्शन की चेतावनी



रेवाड़ी। महापंचायत में लोगों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### लोकगीत गाते हुए पहुंची महिलाएं

इस जनपंचायत में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। महिलाएं लोक गीत गाते हुए वाहनों से जनपंचायत में पहुंची। एम्स पर खुद तैयार किए गए गीत इन महिलाओं ने पंचायत में गुनगुनाकर तालियां बटोरीं। जनपंचायत में लोगों की भीड़ बढ़ती देख सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और फायर ब्रिगेड की गाड़ी तैनात की गई थी।

### इन लोगों ने किया जनपंचायत को संबोधित

जनपंचायत को रविंद्र पूर्व सरपंच निमोठ, मंजीत सिंह, रामकिशन महलवात, रामकुमार निमोठ, अभयसिंह, आनंद सूबेदार, दिलबाग सिंह, संतोष देवी, मनोज यादव, ओमप्रकाश गनियार, बलजोर पार्षद , रमेश ठेकेदार, जयपाल, कमल सिंह, बीरसिंह, बाबूलाल, प्रवीण सरपंच गुरावड़ा, नवीन अरोड़ा, राकेश टाइगर, मास्टर सूबेसिंह, रामबीर, आचार्य यशदेव, डॉ. एचडी यादव, डॉ. ओमप्रकाश,राजसिंह, कर्नल राजेंद्र सिंह व कई अन्य लोगों ने संबोधित किया।

### पीएम से मांगा संघर्ष समिति ने वार्ता के लिए समय

माजरा एम्स निर्माण के संदर्भ में वार्ता के लिए समिति ने पीएम मोदी से समय भी मांगा है। जनपंचायत में सरकार और उसके प्रतिनिधियों को आगाह किया गया कि एम्स निर्माण के बारे जनता को भ्रमित नहीं करें। 77 दिन से आंदोलन धरना जारी है, परंतु सरकार के किसी एक प्रतिनिधि ने एम्स संघर्ष समिति से बात नही की है।

अगर प्रतिनिधि एम्स निर्माण चाहते हैं, तो आंदोलन से क्यों चिढ़ते हैं। जनता की आवाज को जानबूझकर अनसुना व अनदेखा किया जा रहा है, जो इलाके की जनता का अपमान है।

## भारत विकास यात्रा में ज्यादा लोगों को लाभांवित करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में भारत विकास यात्रा को लेकर भाजपा कोर कमेटी सदस्यों व पदाधिकारियों की बैठक जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौहान ने कहा कि भारत विकास यात्रा से सरकार की योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि इस यात्रा को सफल बनाया जाए, जिसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोग इस यात्रा में पहुंचे। यह यात्रा जिले के प्रत्येक गांव से होकर गुजरेगी और उस गांव के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जब ज्यादा से ज्यादा से लोग इस यात्रा में भाग लेंगे अर्थात इन योजनाओं का लाभ उठाऐंगे तभी इस यात्रा का उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने यात्रा को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी। बैठक में पूर्व मंत्री विक्रम सिंह, प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, पीपीपी कोर्डिनेटर सतीश खोला, किसान मोर्चा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हुकमचंद यादव, सुनील मुसेपुर, सिंहराम महलावत, रत्नेश बंसल, जिला महामंत्री सत्यदेव यादव व ईश्वर चनीजा, उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, भूपेन्द्र गुप्ता, अजय कांटीवाल, रामदत्त भारद्वाज, सचिव डा. सुभाष, कुलदीप चौहान, मौसमी रानी, चांदनी चांदना, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट नितेश अग्रवाल, सोशल मीडिया सहप्रमुख राममेहर यादव, रामकंवर, मंडल अध्यक्ष दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जिले के 100 से अधिक गांवों को किया कवर

रेवाड़ी। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्र अब तक जिले के विभिन्न विकास खंडों के 100 से अधिक गांवों को कवर करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की अंत्योदय को समर्पित विभिन्न योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कर चुकी है। एडीसी पाटिल ने बताया कि संकल्प यात्रा के चार प्रचार वाहन सोमवार 18 दिसंबर को प्रातः 10 बजे व सायं 3 बजे गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभांवित करेंगे।

## आप की बदलाव यात्रा के तीसरे ही दिन उड़ी भाजपा की नींदः अनुराग ढांडा

- कहा, प्रदेश में आप की सरकार बनते की खत्म किए जाएंगे टोल, बदलाव यात्रा को मिला रहा अपार समर्थन परिवर्तन का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि पार्टी की दस दिवसीय प्रदेश स्तरीय यात्रा के तीसरे ही दिन भाजपा नेताओं की नींद टूट गई है। भाजपा को इस यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ ने यह संकेत दे दिए हैं कि आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आप की सरकार बनते ही पंजाब की तर्ज पर टोल खत्म कर दिए जाएंगे।

अहीरवाल में बदलाव यात्रा के तीसरे दिन बावल पहुंचे अनुराग ढांडा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में 9 साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने विकास के नाम पर लोगों को लूटने का काम किया है। सीएम मनोहरलाल प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने का दावा कर रहे हैं। सड़कों का निर्माण जनता की कमाई से कराया गया है। सड़क बनने के बाद जनता को लूटने के लिए टोल टैक्स की वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के तीसरे दिन ही भाजपा की 9 साल पुरानी सरकार बौखलाना शुरू हो गई है। भाजपा ने सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के खिलाफ एक वीडियो डाला है। जो अपने आप में दिखाता है कि आम आदमी पार्टी बदलाव यात्रा के जरिए जो करना चाहती थी, लोगों की मांग और जरूरतों के साथ जुड़ना चाहती थी। आम आदमी पार्टी उस मकसद में कामयाब रही है। सरकार के हमले के माध्यम से ये सूचना पहुंचनी शुरू हो गई हैं कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को पूरा जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग इसलिए बदलाव चाहते हैं क्योंकि बार बार पार्टियां तो पहले भी बदलती रही हैं, लेकिन व्यवस्था नहीं बदली। अब लोगों के मन में बदलाव का संकल्प है, जब तक बदलाव यात्रा समाप्त होगी तब तक हरियाणा की राजनीतिक तस्वीर बदल चुकी होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कि भाजपा को इतिहास की सबसे झूठी पार्टी है। पीएम मोदी 2014 में कह कर गए थे कि एम्स बनवाएंगे, लेकिन आज तक नींव की एक ईंट भी नहीं रखी गई। हरियाणा के सरकारी अस्पतालों का भी बुरा हाल है।



रेवाड़ी। बदलाव यात्रा में कार्यकर्ताओं के साथ अनुराग ढांडा। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। लोगों का अभिवादन स्वीकारते अनुराग ढांडा। फोटो :हरिभूमि

### भाजपा सरकार ने ठप की शिक्षा व्यवस्था

- उन्होंने मनोहर सरकार को शिक्षा के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट में खुद माना है कि हरियाणा के 1585 स्कूलों में शौचालय नहीं हैं, जिसमें से 550 स्कूल छात्राओं के हैं। 236 स्कूलों में बिजली के कनेक्शन नहीं हैं, 40 हजार से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं और 8240 क्लास रुम की कमी है। आजादी के 76 साल बाद भी बच्चे टाट पर बैठते हैं, 20 किलोमीटर के दायरे में साइंस स्ट्रीम नहीं हैं। कॉलेज में 50 फीसदी से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। यानी भाजपा सरकार ने पिछले 9 साल में हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था को ठप कर दिया है।

**न्यूज डायरी**

### हाइटेंशन लाइन से अनहोनी का डर

धारूहेड़ाकस्बा धारूहेड़ा में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन बिजली लाइन लोगों के लिए समस्या बनी हुई है।



इस बारे में बिजली निगम को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में अनहोनी होने का डर बना हुआ है। नगर पालिका के प्रधान कंवर सिंह ने कहा ने कस्बे के अंदर से जा रही 11 हजार केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन को फिरनी पर शिफ्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हाइटेंशन लाइन से दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नंदरामपुर बास, बिजली निगम कार्यालय से लेकर भगत सिंह चौक तक अव्यवस्थित ढंग से बिजली के पोल लगे हुए हैं व सोहना रोड पर बिजली के पोल की आड में अतिक्रमण फैला हुआ है। उन्होंने भगत सिंह चौक व सोहना रोड की सभी बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली के खंबों की आड़ में अतिक्रमण होने से सड़क पर हर समय जाम लगा रहता है।

### काकोड़िया में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



रेवाड़ी। गांव काकोड़िया में रविवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काकोड़िया, जाट भुरथल, मुंडलिया, ढ़ोहकी व डाबड़ी के ग्रामीणों ने नेत्र जांच कराई। कैंप में 65 व्यक्तियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। कैंप का शुभारंभ समाजसेवी व इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य अनिल रायपुर, गांव के सरपंच व जिला पार्षद प्रतिनिधि धनीराम मेहरा ने किया। समाजसेवी अनिल रायपुर ने कहा कि लोगों की सेवा के लिए इस प्रकार के मेडिकल कैंप आगामी दिनों आयोजित किए जाएगे।

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार का हुआ आयोजन



रेवाड़ी।आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर दस दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला पर सेमिनार का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा.दलबीर सिंह यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम की संयोजक राजनीति विभाग से डा. रीना थी। प्राचार्य डा.यादव ने अपने सभी प्रवक्ताओं को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित विषयों के बारे में अध्ययन करने एवं उसका विषलेशण करने के लिए प्रोत्साहित किया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति नए सत्र 2024 से शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू करने से छात्राओं की शिक्षा के प्रति रूचि विकसित होगी। प्राचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लाभ एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर बल दिया। इस अवसर पर मिथलश यादव, डा.सुनीता यादव, पूनम भोला, डा.पिंकी शर्मा, डा. प्रवीन कुमारी व डा. चारू रानी सहित सभी स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे। संदीप एंव डा. रीना कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### युवाओं को बिना जातिगत और सामाजिक भेदभाव के एक-समान छांव देगा युवा पंचायत मंचः सृजन



बावल। पूर्व विधायक रघु यादव के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता सृजन यादव ने युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने का अभियान शुरू किया है। सृजन ने भाजपा के साथ युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवा पंचायत कार्यक्रम की शुरूआत की है। युवा भाजपा नेता सृजन यादव ने रविवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव चांदुवास में युवा पंचायत में शिरकत की। इस अवसर पर सृजन यादव ने कहा कि जल युद्ध नायक के तौर पर मशहूर एवं पूर्व विधायक उनके पिता रघु यादव सदा दक्षिण हरियाणा के हकों की लड़ते आए हैं। सृजन ने कहा कि वह भाजपा के अनुशासित एवं समर्पित सदस्य हैं और पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निभाते रहेंगे। उन्होंने युवा पंचायत में युवाओं से जुड़ी रोजगार, उच्च शिक्षा व इंफ्रास्ट्रक्चर की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। सृजन ने कहा कि युवा पंचायतों का मंच सभी युवाओं के लिए एक ऐसा वृक्ष होगा जो न केवल सभी युवाओं को बिना जातिगत और सामाजिक भेदभाव के एक-समान छांव देगा, बल्कि समय आने पर फल भी देगा। इस मौके पर अजीत यादव, अंकुर पंडित, भागीरथ यादव, संदीप यादव, विनय बंसल, सुमित कुमार, रवि कांत, राजेश पंडित, नितिन शर्मा सहित अनेक युवा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर आमसभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार को सीनियर सिटीजन क्लब में आरडब्ल्यूए सेक्टर-4 की आम सभा आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-4 की कार्यकारिणी के आगामी चुनाव का था। आरडब्ल्यूए सेक्टर-4 की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 13 फरवरी 2024 को समाप्त होगा। रविवार को नई कार्यकारिणी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सतबीर सिंह सेवानिवृत प्रधानाचार्य को आगामी चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रधान अजय सिंह, उप प्रधान रामगोपाल, सचिव अनिल यादव एडवोकेट, सह-सचिव सुधा शर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार, कार्यकारिणी सदस्य रामजस, महेश कुमार, ओम प्रकाश, बाबूलाल, एसआर कौशिक, एडवोकेट कुलदीप चौधरी, विश्व दत्त नहरिया, डा. अभय सिंह यादव, अनिल कुमार, पवन कुमार यादव, यजदेव यादव, संजीव दुआ, डा. राजेश कुमार, देवदत्त यादव, कृष्ण कुमार कालरा, सतनारायण, पन्नालाल सैनी, स्नेह सिंह, ऋषि यादव, वीरेंद्र यादव, मानसिंह, धर्मपाल, वीरेंद्र सिंह, रूपचंद, आईएस यादव, धीरेंद्र कुमार, पंकज आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। लोगों को संबोधित करते प्रधान अजय यादव। फोटो : हरिभूमि

### हज यात्रा के लिए 20 तक आवेदन

रेवाड़ी। अखिल भारतीय हज कमेटी ने वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश से हज जाने के इच्छुक हज यात्रियों के पंजीकरण के लिए हरियाणा राज्य हज कमेटी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। हज यात्रा करने के इच्छुक हज यात्री 20 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि भारतीय हज कमेटी मुम्बई ने वर्ष-2024 में हज यात्रा करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि हज नीति 2024 के अनुसार महिला व 70 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक के साथ यदि दोबारा से कोई नजदीकी रिश्तेदार जाना चाहता है तो उसे अतिरिक्त राशि अदा करने पर ही यात्रा की अनुमति दी जाएगी।

## पिता की तर्ज पर सृजन यादव की युवा पंचायत शुरू, अनिल रायपुर की समाजसेवा का रुख रेवाड़ी की ओर

# युवा चेहरों ने बढ़ाई रेवाड़ी में सक्रियता, जनाधार बढ़ाने की मुहिम कर रहे तेज

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी



सृजन यादव।



अनिल रायपुर



मुकेश कापड़ीवास



अमित यादव।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम और राजस्थान व मध्यप्रदेश में सीएम पद पर नए चेहरों की ताजपोशी के बाद आने वाले साल में होने वाले चुनावों को लेकर युवा चेहरों ने रेवाड़ी हलके में सक्रियता बढ़ा दी है। पूर्व विधायक रघु यादव के बेटे सृजन यादव ने 'युवा पंचायत' जरिए लोगों को अपने साथ जोड़ने की मुहिम शुरू कर दी है, तो बावल क्षेत्र में समाजसेवा के कार्यों से सफल पहचान स्थापित कर चुके इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य अनिल रायपुर ने समाजसेवा का रुख रेवाड़ी हलके की ओर बढ़ा दिया है।

पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास के भतीजे मुकेश कापड़ीवास इस हलके में पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। नए चेहरों की हलके में सक्रियता पुराने चेहरों की नींद उड़ाने का काम कर सकती है। वर्ष 1987 के विधानसभा चुनावों में चौ. देवीलाल की पार्टी लोकदल से चुनाव जीतकर रेवाड़ी हलके से विधानसभा पहुंचने वाले रघु यादव ने आधे कार्यकाल के बाद ही विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। दक्षिणी हरियाणा में पानी की समस्या को लेकर आंदोलन चलाने के बाद 'जिंदा शहीद' का दर्जा पाने वाले रघु यादव ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कई बार किस्मत आजामाई, परंतु वह कामयाब नहीं हो पाए। रघु यादव ने 'सर्वजातीय जनता महापंचायत' के जरिए अपना राजनीतिक वर्चस्व कायम रखा।

अब उनके बेटे सृजन यादव ने रेवाड़ी हलके में खुद को एक्टिव करना शुरू कर दिया है। उन्होंने पिता की तर्ज पर 'युवा पंचायत' के जरिए भाजपा और अपना जनाधार बढ़ाने की दिशा में कदम उठा दिए हैं। सृजन यादव रिश्ते में भाजपा में मजबूत स्थान पर बैठे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के भतीजे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चाचा का इशारा मिलने के बाद ही सृजन ने इस हलके में सक्रियता बढ़ाई है। उनकी इस सक्रियता से विरोधी खेमे को बड़ा झटका लग सकता है। इसी हलके से पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास के भतीजे मुकेश कापड़ीवास ने विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी की हुई है।

ताऊ के व्यापक जनाधार को आधार बनाकर मुकेश अपना राजनीतिक रुतबा बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। वह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं डा. सुधा यादव, बिप्लब देव, नायब सैनी व दूसरे नेताओं से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। ताऊ के शीर्ष नेताओं के साथ मजबूत संबंधों की बदौलत वह भाजपा की टिकट को लेकर आश्वस्त बने हुए हैं।

### राव के इशारे पर एक्टिव हो रहे अनिल

अनिल रायपुर ने समाजसेवा की बदौलत बावल हलके में अपनी अलग पहचान कायम करने में सफलता हासिल की है। उसकी पत्नी नीलम रायपुर इस समय उपजिला प्रमुख हैं। गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र की पटौदी में आयोजित रैली में अनिल रायपुर भीड़ जुटाने में सफल रहे थे। उसके बाद से ही केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह उन पर पूरी तरह मेहरबान नजर आ रहे हैं। गत दिनों रामपुरा में आयोजित कार्यक्रम में राव का अनिल रायपुर को बगल में बैठाना बड़े संकेत देने का काम कर चुका है। ऐसा माना जा रहा है कि राव का इशारा मिलने के बाद ही अनिल ने अब रेवाड़ी में सक्रियता बढ़ा दी है, जो राव के ही दूसरे खेमे से जुड़े समर्थकों की नींद उड़ा सकती है।

### साइडलाइन रहे चेहरों को भी उम्मीद

भाजपा में बदले हुए राजनीतिक हालात को देखते हुए ऐसे युवा चेहरों की उम्मीद बंधने लगी है, जो लंबे समय से पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और इमानदारी से कार्य कर रहे हैं। इनमें एक चेहरा अमित यादव भी है। अमित यादव पार्टी के हर कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में पूरी तमन्यता से कार्य करते रहे हैं। वह वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु के काफी करीबी माने जाते हैं। अहीरवाल में 'गॉड फादर' की कमी के चलते अभी तक वह उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए हैं, जिस पर उन्हें गत विधानसभा चुनावों में ही पहुंच जाना था। अमित यादव भी बदले हुए हालात और युवा चेहरों को तव्वजो को देखते हुए चुनाव लड़ने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने 3 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने बस स्टैंड कॉलोनी निवासी ललित कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### पाइप लाइन में सेंधमारी का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** लगभग दो वर्ष पूर्व तेल पाइप लाइन में सेंध लगाने के एक आरोपी को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वर्ष 2021 में थाना बावल पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। पुलिस ने इन मामलों के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों मामलों के एक आरोपी सोनीपत के पटेल नगर निवासी नीरज उर्फ बच्ची को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने अपहरण करने के बाद नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और धोखाधड़ी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने 18 नवंबर को पोक्सो एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद राजस्थान के कैराणी निवासी सुनील पुत्र राजकुमार को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

### बलदान दिवस पर लाहड़ी को किया याद

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने काकोरी कांड के हीरो शहीद राजेंद्र नाथ लाहड़ी के बलिदान दिवस पर उन्हें अपने कार्यालय में श्रद्धांजली अर्पित की। एक बयान में विद्रोही ने कहा कि लाहड़ी ने आजादी की लड़ाई में काकोरी में अंग्रेजों के हथियार खरीदने के लिए जा रहे खजाने को लूटने की योजना से सशस्त्र संघर्ष की लड़ाई को तेज करने में भूमिका निभाई थी। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### हत्या के मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार

**बावल।** खुरमपुर में जमीनी विवाद को लेकर गोली चलाने के बाद हुई हत्या के मामले में आरोपी दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया था। 16 नवंबर को पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था।

---

अंडरपास में अवैध होर्डिंग की भरमार, सफाई व्यवस्था पर भी नहीं ध्यान

# डबल फाटक अंडरपास में दिन में भी अंधेरा, शोपीस बनकर रह गई लाइटें

क्षतिग्रस्त हो रही सड़क, डिवाइडर और दीवारों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई योजना के शुरू होने के पश्चात उसकी देखरेख पर ध्यान नहीं देना प्रशासन की आदत में शुमार हो गया है। लोगों की सुविधा के लिए सितंबर 2021 में शुरू हुए शहर के डबल फाटक अंडरपास में कई समस्याएं पैदा होने लगी है। क्षतिग्रस्त हो रही सड़क, डिवाइडर और दीवारों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

करीब 24 करोड़ रुपये की लागत से बने अंडरपास में लाइटें होने के बावजूद भी दिन के समय अंधेरा व्याप्त रहता है। लाइटों को अभी तक चालू तक नहीं किया गया है, जिसके कारण चालकों को दिन में भी वाहनों की लाइटों का सहारा लेना पड़ रहा है। अंधेरा होने के कारण अंडरपास से तेज गति से गुजरते वाहनों से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। अंडरपास में बने फुटपाथ की टाइलें भी जगह-जगह से गायब हो चुकी है।






रेवाड़ी। अंडरपास में लगे हुए अवैध होर्डिंग व अंडरपास का टूटा पड़ा डिवाइडर। फोटो :हरिभूमि

### अंडरपास से दर्जनों कॉलोनियों व गांवों को राहत

*डबल फाटक अंडरपास का शिलान्यास 4 दिसंबर 2018 में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया था। अंडरपास बनने से फाटक के दूसरी ओर बसी करीब दो दर्जन कॉलोनियों व गांवों की आबादी को राहत मिली। पहले यहां के लोगों को रेलवे लाइनों को पार करके शहर तक पहुंचना पड़ता था। फाटक बंद रहने के कारण लोग दिनभर जाम में ही फंसे रहते थे। फाटक पर अंडरपास बनवाने के लिए लोगों ने काफी संघर्ष किया। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने 17 सितंबर 2021 को अंडरपास का उद्घाटन किया था। रेलवे ने डबल फाटक पर बिछी सात लाइनों के नीचे से अंडरपास का निर्माण कराया था। लाइनों के नीचे करीब 67 मीटर लंबा अंडरपास बनाया गया। रेलवे का काम पूरा होने के बाद दोनों ओर का निर्माण कार्य लोकनिर्माण विभाग ने किया।*

### अंडरपास में जलभराव की समस्या

डबल फाटक पर बने अंडरपास में जलभराव की भी बड़ी समस्या है,जिसके लिए रेलवे की ओर से अभी तक कोई उचित प्रबंध नहीं किए गए है। बरसात के मौसम में अंडरपास में करीब 4 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे लोगों को अंडरपास से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है।



रेवाड़ी। अंडरपास का टूटा पड़ा टीनशेड। फोटो :हरिभूमि

### सौन्दर्यकरण बिगड़ रहा

*डबल फाटक अंडरपास का टीनशेड भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। टीनशेड में कई जगह बड़े-बड़े होल बन चुके है। आसपास के दुकानदारों ने टीनशेड पर व दीवारों पर अपने होर्डिंग भी काफी संख्या में लगाए हुए है। अंडरपास में होर्डिंग्स की भरमार हो चुकी है। अंडरपास की सफाई व्यवस्था पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अंडरपास के अंडर व दीवारों पर भारी मात्रा में धूल-मिट्टी जमा होने से सौन्दर्यकरण बिगड़ रहा है।*

---



रेवाड़ी। अतिथियों का सम्मान करते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# भगवद् गीता विश्व को भारत की अनमोल देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को 'जीवन का मधुर संगीत भागवत गीता' कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, समाजसेवी आदर्श राजपाल व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के उपदेश के माध्यम से अर्जुन को उसके क्षत्रिय धर्म का बोध कराया और कहा कि धर्म की विजय के लिए युद्ध करों, यही तुम्हारा धर्म है। अर्जुन को कर्तव्य बोध हुआ और युद्ध में धर्म की जीत हुई। श्रीकृष्ण ने कहा कि धर्म उसी की रक्षा करता है, जो धर्म की रक्षा करता है। अंत में जीत हमेशा धर्म की होती है। उन्होंने कहा कि भागवत गीता विश्व को भारत की अनमोल देन है। प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, प्रोफेसर सीएल सोनी, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व सह संयोजक प्रवीण ठाकुर ने कहा कि आज ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय व जर्मनी के उच्चतर शिक्षा संस्थानों में भागवत गीता का नियमित ज्ञान दिया जाता है। हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-4 की प्रधान मुकेश कुमारी व पूर्व प्रधान सरोज भारद्वाज ने कहा की भागवत गीता जीवन संग्राम में प्रतिदिन की चुनौतियों के बीच जीवन में उचित संतुलन बनाए रखने का सुंदर उपदेश है। कार्यक्रम में जितेन, सुहाना, तन्वी, पूर्वांशी व ओजस्वी ने भजन सुना कर सभी की तालियां बटोरी। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए समाजसेवी के एल कोहली, रोहित गेरा, राहुल कालड़ा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता व कौशल्या देवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अतिथियों को भगवान श्री कृष्ण, गीता उपदेश व भारत माता के चित्र भेंट किए गए। इस मौके पर समाजसेवी राजेंद्र गेरा, कपिल कपूर, हिमांशु, जूही, राजेंद्र यादव बालावास, श्रीनारायण, अशोक वर्मा, रमेश गुप्ता, हितेन शर्मा, नीरू गुप्ता, लक्ष्मी नारायण चुघ, जयकुमार व अरुण वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

---

# 1232 अभ्यर्थियों ने कराया बायोमेट्रिक सत्यापन

- जो भी परीक्षार्थी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन नहीं कराएगा, उसका परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा वर्ष 2023 के अभ्यर्थियों की दो दिवसीय बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन प्रकिया रविवार को हिंदू सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुरू की गई। प्रथम दिवस 1232 परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की गई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन डा.वीपी यादव के मार्गदर्शन में प्रकिया की गई। भिवानी बोर्ड से सुपरिटेंडेंट सुरेंद्र कुमार व सहायक रूपेश कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार जिले के सभी परीक्षार्थी, जिन्होंने एचटेट पीजीटी-टीजीटी व पीआरटी की परीक्षा दिसंबर दो व तीन दिसंबर को दी थी, उनका बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन किया जा रहा है। बच्चों की संख्या को देखते हुए तीन जगह व्यवस्था की हुई थी। 18 दिसंबर को प्रातः 9 से 5 बजे तक शेष बचे अभ्यर्थियों की वेरिफिकेशन की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो भी परीक्षार्थी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन नहीं कराएगा, उसका परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा।



रेवाड़ी। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराते हुए व हिंदू स्कूल में लगी अभ्यर्थियों की कतार। फोटो :हरिभूमि

---

# भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में 22 को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

शिव मंदिर नाहड़ में रविवार को विश्व हिन्दू परिषद की बैठक आयोजित हुई। मुख्य वक्ता खंड संघ चालक बसंत लोहिया ने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सभी रामभक्त बड़ी धूमधाम से मनाएं और अयोध्या से आने वाले अक्षत को प्रत्येक गांव के आमजन तक पहुंचाएं तथा अपने-अपने गांव मोहल्ले में सामुहिक रूप से हवन-यज्ञ व भजन कीर्तन करके पर्व को मनाएं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाना होगा और समाज में फैली विभिन्न समाजिक बुराइयों को दूर करके एक स्वच्छ और सुन्दर समाज का निर्माण करने में योगदान देना होगा। संयोजक प्रेमप्रकाश नाहड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में नाहड़ प्रखण्ड के सतपाल थानेदार, नीलम झोलरी, अर्जुन सिंह, रामबाबू यादव, एडवोकेट राकेश यादव, विशाल शेखावत, अमित पंच, रिंकू रोहिल्ला, राहुल वशिष्ठ, प्रशांत, नवीन, चन्द्रदीप, तरुण, अनिल कुमार, जयकिशन, आनंद कुमार व एडवोकेट हरीश दायमा को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर खंड प्रचार प्रमुख मंजीत यादव, विस्तारक सुभाष, संगीत वशिष्ठ, सचिन कुमार व जगमोहन सहित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित विहिप के कार्यकर्ता।

---

### पत्नी से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने एक विवाहिता के साथ दहेज की मांग पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर गत 7 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने फरीदाबाद के अमीपुर सिदोला निवासी जोरावर को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट व धमकी के मामलों में तीन काबू

**कुंड।** थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने गत 6 दिसंबर को दर्ज किए गए केस में पाडला निवासी सुरेंद्र को काबू किया है। धवाना में 11 अक्टूबर को घर में घुसकर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में प्रियंका और शारदा को काबू किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

---




रेवाड़ी। शारीरिक शिक्षक संघ के नए पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# राजकुमार खेल खंड शारीरिक शिक्षक संघ के प्रधान बने

**कुंड।** रविवार को खंड खोल शारीरिक शिक्षक संघ का चुनाव राजकीय माध्यमिक विद्यालय पाड़ला में संपन्न हुआ। पूर्व ब्लॉक प्रधान डीपीई अनिल कुमार जीएमएस लुहाना ने प्रधान पद के लिए राजकुमार पीटीआई जीएमएस पाड़ला के नाम का अनुमोदन किया, जिसका सभी डीपीई व पीटीआई ने समर्थन किया। इसके अलावा जयप्रकाश पीटीआई जीएमएस बलवाड़ी को उप प्रधान, देशराज पीटीआई जीएमएस कुंडल को सचिव, अनिल कुमार डीपीई जीएमएस लुहाना को सहसचिव व राजकुमार डीपीई धवाना को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर खंड खोल के सभी डीपीई और पीटीआई मौजूद थे।

---

# सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने मनाई विवाह पंचमी

- श्रद्धालुओं ने की भगवान श्रीराम व माता सीता की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार को विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से विवाह पंचमी का पर्व मनाया गया। इस दिन भगवान श्रीराम और मां जानकी का विवाह हुआ था। धार्मिक मान्यता है कि विवाह पंचमी पर भगवान श्रीराम और मां जानकी की पूजा-अर्चना करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है, साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि उन लोगों ने भी इस पर्व को मनाया, जिन लोगों के विवाह में बाधाएं आ रही हैं या फिर विलंब हो रहा है। इन लोगों ने व्रत भी रखा और पूरे विधि-विधान के अनुसार भगवान श्रीराम व माता सीता की पूजा-अर्चना भी की। कई स्थानों पर प्रभु श्रीराम व माता सीता का विवाह भी संपन्न कराया गया। ज्योतिषाचार्यों का यह भी कहना है कि यह मान्यता है कि विवाह पंचमी पर भगवान श्रीराम व माता सीता का पूजन किया जाए तो शीघ्र विवाह के योग बनते हैं और साथ ही योग्य जीवनसाथी मिलता है। शास्त्रों के अनुसार मार्गशीर्ष की पंचमी को ही गोस्वामी तुलसीदासजी ने अति दिव्य ग्रंथ रामचरितमानस पूर्ण की थी, साथ ही रामजी और सीताजी का विवाह भी इसी दिन हुआ था इसलिए विवाह पंचमी के दिन रामचरितमानस का पाठ भी करना शुभकारी है।

### आरडब्ल्यूए केशव कुंज ने कॉलोनी के विकास कार्यों के लिए की बैठक

**रेवाड़ी।** झज्जर रोड स्थित केशव कुंज कॉलोनी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रविवार को आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कॉलोनी प्रधान मुकेश कुमार ने की। बैठक में कॉलोनी के कार्यों व समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। केशव कुंज की गली नंबर-3 के साथ लगती समाधि की पंचायती जमीन जीर्णोद्धार के लिए विचार विमर्श किया गया और सरपंच के साथ मिलकर कार्य को गति देने पर सहमति जताई गई। बैठक में रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के मेंबर बढ़ाने और अंश दान देने की बात रखी गई। कॉलोनी में बिजली के पोल लगवाने के कार्य पर विचार किया गया। आरडब्ल्यूए के सचिव राजबीर यादव ने समाधि की जगह के जीर्णोद्धार के लिए 5100 रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान मुकेश कुमार, उपप्रधान मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, सह सचिव इंदरजीत, कार्यकारणी सदस्य योगेश शर्मा, सुरेंद्र वशिष्ठ, दलीप सिंह, विजय वशिष्ठ, राजीव, हरीश, सुशील कुमार, महिंद्र कुमार, मनीष व अभिषेक उपस्थित थे।

---

### सैन्य अस्पताल हिसार में 21 तक होगा मेडिकल रिव्यू

**रेवाड़ी।** सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल आनंद सकले ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी की ओर से राव तुला राम स्टेडियम में 4 दिसंबर से 16 दिसंबर तक आयोजित भर्ती रैली में भाग लेने वाले जिन उम्मीदवारों को मेडिकल के दौरान सैन्य अस्पताल हिसार के लिए रेफर किया गया है, वह अपने मेडिकल रिव्यू के लिए 21 तक सैन्य अस्पताल हिसार में रिपोर्ट करे। सैन्य अस्पताल हिसार में स्किन का आखिरी रिव्यू 21 दिसंबर तक होगा।



---

# कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा

- समिति के प्रधान राम अवतार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बालाजी धर्मार्थ समिति की ओर से संचालित शिव मंदिर आजाद चौक में रविवार को अयोध्या में बने श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समिति ने मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार की। समिति पदाधिकारियों ने घरों में अयोध्या से आए पीले चावल, पत्रक व राम मंदिर का चित्र बांटकर निमंत्रण देने की जिम्मेदाररियां सौंपी। समिति के प्रधान राम अवतार यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर पंडित सुमन भारद्वाज, मास्टर जितेंद्र, अशोक शर्मा, पार्षद दिनेश सैनी, भीमसेन गुलाटी, नरेंद्र शर्मा व त्रिलोक तिवारी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित समिति सदस्य व अन्य। फोटो :हरिभूमि

---

# एम्स के लिए सभी शर्तें पूरी तो निर्माण में देरी क्यों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गांव मनेठी में एम्स संघर्ष समिति की ओर से रविवार को आयोजित महापंचायत में बावल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार ने कहा कि एम्स संघर्ष समिति के लोगों की मेहनत बेकार नहीं जाएगी। माजरा में एम्स का निर्माण जरूर होगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर एम्स जरूर बनाया जाएगा। ठेकेदार ने कहा कि एम्स बनने से दक्षिण हरियाणा व राजस्थान के लोगों को काफी फायदा होगा। सरकार को चाहिए कि जब मनेठी और आस पास के लोगों ने एम्स के लिए सरकार की सभी शर्ते पूरी कर दी है तो देरी क्यों की जा रही है। एम्स के लिए लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे है। इस अवसर पर राजेन्द्र पटेल व कामगार ठेकेदार यूनियन के प्रधान रामनिवास सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

